आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के 50 हजार से अधिक गांवों के संपत्ति मालिकों को सौपेंगें घरौनी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विभिन्न जनपदों से कई मंत्री भी कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे।
- प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आज से प्रयागराज के दो दिवसीय दौरे पर।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल प्रदेश के छह खिलाड़ियों समेत देश भर के कई खिलाड़ियों को प्रदान किया राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024। प्रदेश के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मिला खेल रत्न पुरस्कार।
- जल जीवन मिशन में सोलर पॉवर के बेहतर उपयोग के लिए उत्तर प्रदेश को मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उत्तर प्रदेश समेत दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों के संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड घरौनियों को वितरित करेंगे। कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से दोपहर डेढ़ बजे घरौनी वितरण कार्यक्रम से जुड़ेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। फतेहपुर, हापुड़ और जौनपुर समेत कई जिलों में कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। इसे देखते हुए शासन स्तर से आज प्रदेश में होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

स्वामित्व योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री ने किया था। इसका उद्देश्य उन्नत ड्रोन प्रौद्योगिकी सर्वेक्षण के जरिए घरों के अधिकार का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास को बढावा देना है।

**********

संसद का बजट सत्र इस महीने की 31 तारीख से शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केन्द्रीय बजट पहली फरवरी को पेश किया जाएगा। बजट का पहला हिस्सा 31 जनवरी से 13 फरवरी तक पेश किया जाएगा और दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक पेश होगा।

**********

आस्था, संस्कृति और अध्यात्म के अद्भुत संगम प्रयागराज महाकुम्भ में साधु संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान का क्रम जारी है। श्रद्धालुओं के साथ वीवीआईपी भी लगातार महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज से दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आयेंगे। रक्षामंत्री दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मेला सर्किट हाउस पहुंचेंगे और फिर संगम जायेंगे। 11 जनवरी से शुरू हुए संगम स्नान के दौरान अब तक सवा सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं। लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के आगमन से न सिर्फ प्रयागराज को गौरव मिला है, बल्कि शहर के व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी काफी बढ़ावा मिला है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

**होटल, खाद्य, ऊनी वस्त्र, कंबल, रजाई, गद्दे और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। महाकुंभ के और आगे बढ़ने के साथ ही यह वृद्धि पचास प्रतिशत तक पहुचने की उम्मीद है। हलांकि महाकुंभ अभी कुछ ही दिन पहले शुरू हुआ है लेकिन शहर में खुदरा और थोक कारोबारियों के व्यापार में पहले से ही दो से तीन गुना वृद्धि देखी गई है। चाहे वह होटल उद्योग हो, खुदरा कारोबार हो या कपड़ा उद्योग, सभी क्षेत्रों में बिक्री में पिछले सप्ताह उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। वहीं व्यापारियों को मौनी अमावस्या के दिन और भी अधिक बिक्री की उम्मीद है। जैसे–जैसे महाकुंभ आगे बढ़ेगा, व्यापार में और भी वृद्धि होने की सम्भावना है। वहीं महाकुंभ मेले से दो लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की सम्भावना है। आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज के लिए आनंद कुमार**

**********

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल समाप्त हो गई। आखिरी दिन आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी ने अपना पर्चा दाखिल किया। इसके साथ ही इस बहुचर्चित सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान, सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और मौलिक अधिकार पार्टी के रामनरेश चौधरी समेत कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। इस बीच जिलाधिकारी चन्द्र

विजय सिंह ने बताया कि आने वाले त्योहार और विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनपद के अंदर 15 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। एसएसपी राज करण नैय्यर ने बताया कि 20 जनवरी के बाद पूरे मिल्कीपुर क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज की जाएगी।

**जो भी हमारे महत्वपूर्ण प्वाइंट है उन सब पर पुलिस की ड्यूटी लगा करके सुनिष्चित किया जा रहा है कि सुगमता पूर्ण और निषपक्षतापूर्ण तरीके से जो हमारे आगामी चुनावी प्रक्रिया है उसको सम्पन्न कराये हमारे कार्यालय में सोषल मीडिया सेल है जोकि लगातार सोषल मीडिया पर क्या–क्या पोस्ट हो रही है उसको आगामी चुनाव व किसी मतदाता को प्रभावित करने के संबंध में यदि किसी के द्वारा कोई भी पोस्ट की जायेगी तो उसके संबंध में जो भी आवष्यक विविध कार्यवाही है उसको अमल में लाया जायेगा। इसके अतिरिक्त हमारी एरिया डोमिनेषन कॉन्फिडेंस विल्डिंग मेजर्स है 20 तारीख के बाद से पैरा मिलिट्री फोर्स को लेकर हमारे द्वारा एरिया डोमिनेषन एक्सरसाइज मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में की जायेगी।**

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, पेरिस ओलंपिक की स्टार निशानेबाज और डबल मेडलिस्ट मनु भाकर, वर्ल्ड चेस चौंपियन डी. गुकेश और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया। जबकि, प्रदेश की एथलीट अन्नूरानी, पैरा एथलीट प्रीतिपाल, अजीत सिंह, सिमरन सिंह और शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल समेत 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। समारोह के बाद अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल ने कहा कि–

**मुझे एम्बिशन है कि जल्द से जल्द ग्रैंडमास्टर बनना है नॉम्स लेने है और, और भी जब वर्ल्डकप और बहुत सारी जो इम्पोर्टेंट टूर्नामिंट्स आ रहें है उसमें अच्छा परफार्म करके वर्ल्ड चैंपियन बनना है ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**********

उत्तर प्रदेश ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पॉवर के उत्कृष्ट उपयोग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वहीं बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी को जिले के समग्र विकास के लिए प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 प्रदान किया जाएगा। अप्रैल में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। एक रिपोर्ट–

**जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में सौर ऊर्जा आधारित भूजल की लगभग 33 हजार योजनाएं संचालित हैं। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण से हर साल लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। वहीं अगले 30 वर्षों में 390 लाख कार्बन क्रेडिट अर्जित किया जा सकेगा। राज्य सरकार के इस इनोवेशन को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है। अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को यह पुरस्कार इनोवेशन स्टेट कैटेगरी में प्रदान किया जाएगा। वहीं बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 प्रदान किया जाएगा। आकाषवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत छात्रों को स्कालरशिप डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 30 जनवरी तक छात्रों को आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**********